**NEWS CLIPPING: 28.10.2020**

**PUNJAB KESARI**

# विद्यार्थियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता: प्रो. दिनेश कुमार

## कुलपति ने दिए एसओपी को सुनिश्चित बनाने तथा इसकी सख्ती से अनुपालना के निर्देश

- कुलपति ने छात्राओं के हॉस्टल का किया दौरा
- सीसीटीवी कैमरा सहित सुविधाओं का लिया जायजा



*छात्रावास में सुविधाओं का जायजा लेते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।( छाया: एस शर्मा)*

फरीदाबाद, 27 अक्तूबर (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा छात्राओं के हॉस्टल में नई सुविधाओं का विस्तार किया गया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने छात्रावास में नये रीडिंग रूम तथा वार्डन कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रावास की सुविधाओं का जायजा भी लिया।

कुलपति द्वारा छात्रावास में सुविधाओं की समीक्षा का उद्देश्य विश्वविद्यालय को विद्यार्थियों के लिए पुन: खोले जाने से पहले छात्रावास में विद्यार्थियों की रहने की व्यवस्था तथा साफ-सफाई को सुनिश्चित बनाना था ताकि कोविड-19 महामारी से रोकथाम के उपायों को सुनिश्चित बनाया जा सके। कुलपति ने विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं का निरीक्षण करने के लिए पूरे छात्रावास परिसर का मुआयना किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग, चीफ हॉस्टल वार्डन वार्डन डॉ. संध्या दीक्षित, एडिशनल चीफ हॉस्टल वार्डन डॉ. मानवी के अलावा प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे।

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय को फिर से खोलने से पूर्व मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को सुनिश्चित बनाया जाये तथा इसका सख्ती से पालन किया जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के लिए एसओपी को हॉस्टल नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के लीविंग एरिया में सुविधाओं, विशेष रूप से सीसीटीवी सुरक्षा कैमरे, पंखे एवं लाइट, वॉश रूम इत्यादि के संचालन को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है।


पंजाब केसरी ई-पेपर

Wed,28 October 2020

Edition: faridabad kesari, Page no. 1

**NEWS CLIPPING: 28.10.2020**

## THE PIONEER

# विद्यार्थियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : कुलपति



**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा छात्राओं के हॉस्टल में नई सुविधाओं का विस्तार किया गया है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने छात्रावास में नये रीडिंग रूम तथा वार्डन कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रावास की सुविधाओं का जायजा भी लिया। कुलपति द्वारा छात्रावास में सुविधाओं की समीक्षा का उद्देश्य विश्वविद्यालय को विद्यार्थियों के लिए पुन: खोले जाने से पहले छात्रावास में विद्यार्थियों की रहने की व्यवस्था तथा साफ-सफाई को सुनिश्चित बनाना था ताकि कोविड-19 महामारी से रोकथाम के उपायों को सुनिश्चित बनाया जा सके। कुलपति ने विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं का निरीक्षण करने के लिए पूरे छात्रावास परिसर का मुआयना किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, चीफ हॉस्टल वार्डन वार्डन डॉ. संध्या दीक्षित, एडिशनल चीफ हॉस्टल वार्डन डॉ. मानवी के अलावा प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थे। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय को फिर से खोलने से पूर्व मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) को सुनिश्चित बनाया जाये तथा इसका सख्ती से पालन किया जाये। उन्होंने निर्देश दिया कि कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों के लिए एसओपी को हॉस्टल नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के लीविंग एरिया में सुविधाओं, विशेष रूप से सीसीटीवी सुरक्षा कैमरे, पंखे एवं लाइट, वॉश रूम आदि के संचालन को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा विश्वविद्यालय की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 28.10.2020**

**HINDUSTAN**

# वाईएमसीए छात्रावास में रीडिंग रूम शुरू

## आगाज

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

जेसी बोस वज्ञिान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में छात्राओं के हॉस्टल में नई सुविधाएं शुरू की गई हैं। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने छात्रावास में नए रीडिंग रूम और वार्डन कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने छात्रावास की सुविधाओं का जायजा भी लिया।

कुलपति ने कहा कि वश्विवद्यिालय खुलने से पहले छात्रावास में सुविधाओं की समीक्षा करना मकसद था। जिससे कि छात्राओं की रहने की व्यवस्था तथा साफ-सफाई को सुनश्चिति किया जा सके। कुलपति ने कहा कि वश्विवद्यिालय को फिर से खोलने से पहले सरकार की ओर से जारी एसओपी का पालन किया जाएगा।

कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए छात्रों के लिए एसओपी को होस्टल नोटिस बोर्ड पर लगाया जाएगा। वहीं लीविंग एरिया में सुविधाओं, सीसीटीवी सुरक्षा कैमरे, पंखे एवं लाइट, वॉश रूम आदि को पूरी तरह चैक किया जाएगा।

**NEWS CLIPPING: 28.10.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# कुलपति ने किया हॉस्टल का दौरा

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** जेसी बोस यूनिवर्सिटी के हॉस्टलों में छात्रों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। मंगलवार को कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने हॉस्टल में नए रीडिंग रूम व वार्डन कार्यालय का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने हॉस्टल में दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। यूनिवर्सिटी प्रबंधन के अनुसार हॉस्टलों को छात्रों के लिए दोबारा खोलने से पहले उनमें सफाई व कोविड 19 की रोकथाम के उपाय सुनिश्चित करने जरूरी हैं। इसीलिए कुलपति ने हॉस्टल का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए हैं।